राज्यपाल सचिवालय

राज भवन जयपुर

किसानों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करेंए ताकि उनकी आय बढ़ सके - राज्यपाल

सरकारी योजनाओं में कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे - राज्यपाल

राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

जयपुर/राजसमंद 15 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर केंद्र प्रायोजित योजनाओ की समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ विधायक दीप्ति माहेश्वरी और जिला प्रमुख रतनी देवी जाट मौजूद रहे।

राज्यपाल की बैठक में जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सर्वप्रथम उनका शाब्दिक स्वागत कर जिले का सामान्य परिचय प्रस्तुत किया। जल जीवन मिशन की समीक्षा करत हुए राज्यपाल ने अब तक हु प्रगति को देखा। जिला कलक्टर ने बतीय कि जिले में 65 हजार 942 परिवारों को इस योजना में लाभान्वित किया जा चुका है जो लक्ष्य का 64ण्75 प्रतिशत है। इस पर राज्यपाल ने शेष कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने हुए शत प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत वृहद पेयजल योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि 1092 करोड़ रुपए की लागत से चम्बल-देवगढ़-भीम परियोजना का कार्य जारी है जिससे ब्लॉक भीम-देवगढ़ के 197 गांवों के 33169 घरों में नल से जल पहुंचेगा। ऐसे ही 133 करोड़ रुपए की लागत से 44 गांवों के लिए बाघेरी का नाका-चिकलवास योजना पर बताया कि 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

इसके पश्चात राज्यपाल ने केन्द्रीय सड़क निधि योजना के तहत जारी निर्माण कार्यों जैसे 64ण्34 करोड़ रुपए की लागत से केलवाड़ा-ओलादार चौराहा (राजसमंद) से भड़सोड़ा चौराहा (चित्तौड़गढ़) सड़क का चौड़ाईकारण एवं सुदृढीकरणए 15 करोड़ की लागट से मावल-नाथद्वारा सड़क संबंधी कार्य सहित अन्य कार्यों की समीक्षा कर शेष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की पर्याप्त पहुँच सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में जिले के विभिन्न इलाकों में जारी निर्माण कार्यों की समीक्षा की। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने जननी सुरक्षा योजनाए आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने बताया कि अब तक 1 लाख 71 हजार 240 आयुष्मान कार्ड वितरित हो चुके हैं।

किसानों के हित में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर राज्यपाल ने सहकारिता विभाग की पैक्स कम्प्यूटर योजनाए पैक्स एस कॉमन सर्विस सेंटर योजनाए महँग कृषि यंत्र कम किराए पर उपलब्ध कराने हेतु कस्टम हायरिंग सेंटर योजनाए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा की। सहकारिता के उप रजिस्ट्रार ने बताया कि जिले में 1 लाख 97 हजार 880 किसानों को अब तक 422ण्64 करोड़ रुपए की सहायता दी जा चुकी है। इसके साथ ही राज्यपाल ने अन्न भंडारण योजनाए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र आदि को लेकर भी विस्तार से जानकारी ली। जिला कलक्टर ने राज्यपाल को महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर को लेकर बताया कि गत एक वर्ष में अब तक कुल 209 प्रकरण प्राप्त हुए हैं एवं 207 प्रकरणों का निस्तारण किया गया हैए जिले में यह सेंटर आर के हॉस्पिटल में संचालित है।

राज्यपाल ने रुडिप द्वारा नाथद्वारा में 106 करोड़ रुपए की लागत से जारी एकीकृत जल प्रदाय परियोजना कार्यए कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाए मृदा स्वास्थ्य कार्डए स्वायत्त शासन विभाग

की पीए स्वनिधि योजनाए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं ग्रामीणए राजीविका के कार्यों आदि की विस्तार से समीक्षा करते हुए समस्त योजनाओं से अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। ...

जनजाति बालिका छात्रावास में राज्यपाल ने बालिकाओं से किया संवाद

जयपुर/राजसमंद 15 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार को जनजाति बालिका छात्रावासए पलेवा मगरी का निरीक्षण किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने विभिन्न कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने स्मार्ट क्लास सहित विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। बालिकाओं से संवाद करते हुए राज्यपाल ने विभिन्न विषयों पर बात की। राज्यपाल को अपने बीच पाकर छात्राएं भी उत्साहित दिखी। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की समस्त सामान्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

...

राज्यपाल ने किए श्रीनाथ जी के दर्शन

जयपुर/राजसमंद 15 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार को नाथद्वारा में प्रभु श्रीनाथ जी के सांयकालीन भोग आरती के दर्शन किए। मंदिर मण्डल अधिकारी सुधाकर शास्त्री ने समाधान पद्धति से राज्यपाल का स्वागत किया। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। .....

राज्यपाल ने पीपलांत्री में देखे पर्यावरण संरक्षण के कार्य

अटल भूजल योजना अंतर्गत विकास कार्यों का किया शिलान्यास

जयपुर/राजसमंद 15 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार को पीपलांत्री में पद्मश्री श्यामसुंदर पालीवाल एवं सरपंच अनिता पालीवाल के नेतृत्व में किए गए पर्यावरण संरक्षण के कार्यों का अवलोकन किया।

पद्मश्री पालीवाल ने उनकी बेटी की स्मृति में लगे प्रथम पेड़ से दौरे की शुरुआत कर पीपलांत्री में हुए विभिन्न कार्यों से अवगत कराया। पालीवाल ने बताया कि कभी यह बंजर जमीन हुआ करती थी जहां जल स्तर भी काफी नीचे थाए लेकिन सामूहिक प्रयासों से आज यहाँ चारों ओर सुंदर वन दिखाई देता है। महामाहिम राज्यपाल ने इस अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। राज्यपाल श्री बागडे ने यहाँ अटल भूजल योजना के तहत स्वीकृत विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। साथ ही बेटीए पानीए पेड़ए गोंछ भूमि और वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करते हुए ग्रामीण पर्यटन के विकास को बढ़ावा देने के समस्त प्रयासों को सराहा।

...

पेड़ मानव हृदय का स्पंदन है।
पेड़ प्रेम की अपेक्षा करते है।
plantri
बेटी, पानी पेड़, गौचर भूमि और वन्यजीवों को बचाकर
प्राकृतिक आधारित रोजगार देकर ग्रामीण पर्यटन (समग्र ग्रामीण विकास) को बढ़ावा देने वाली
मॉडल ग्राम पंचायत पिपलांत्री में
अटल भू-जल योजनान्तर्गत स्वीकृत विकास कार्यों का
शिलान्यास
दिनांक 15 दिसम्बर, 2024 रविवार
श्रीमान् हरिभाऊ किसनराव बागड़े
महामहिम राज्यपाल महोदय
राजभवन, राजस्थान सरकार, जयपुर
के कर-कमलों द्वारा
गरिमामय उपस्थिति
श्रीमती दीप्ती माहेश्वरी
"पद्मश्री" डॉ. श्याम सुन्दर पालीवाल
पर्यावरणविद्
श्री अरविन्द सिंह राठौड़
प्रधान, पंचायत समिति
राजसमन्द
जिला प्रमुख,
राजसमन्द
एवं
श्रीमती अनिता पालीवाल,
सरपंच
ग्राम पंचायत, पिपलांत्री के सानिध्य में
निम्नलिखित कार्यों का शिलान्यास सम्पन्न हुआ।

/जिला स्तरी